# ऑपरेशन सद्भावना के तहत राज्यपाल से मिले कोहिमा-नागालैंड के शिक्षक और छात्र

**एकता यात्रा**

**8 राष्ट्रीय एकता यात्रा में कोहिमा-नागालैंड क्षेत्र के 4 शिक्षकों के साथ 20 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन में ह्लराष्ट्रीय एकता यात्राह्ल पर आए कोहिमा-नागालैंड के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को भेंट की। ह्लऑपरेशन सद्भावना परियोजनाह्ल के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में कोहिमा-नागालैंड क्षेत्र के 4 शिक्षकों के साथ 20 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। 13वीं बटालियन असम राइफल्स के सौजन्य से आए ये छात्र-छात्राएं देहरादून स्थित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न स्थानों की संस्कृति, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ ज्ञानार्जन एवं करियर के अवसरों को अर्जित करने हेतु निकट से जानने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।
राज्यपाल ने सभी बच्चों से वातालर्पप की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी। उन्होंने बातचीत के दौरान छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रेरित किया और राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़कर योगदान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा बेहतर नौकरियां और करियर हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने पूर्वोत्तर में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की। इस यात्रा में 13वीं बटालियन असम राइफल्स के टीम लीडर मेजर रमन पंवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रदेश महिला कांग्रेस करेगी नारी न्याय यात्रा : आशा मनोरमा

**न्याय यात्रा**

**8 भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई के खोखले नारे के विरुद्ध कांग्रेस नारी न्याय यात्रा करेगी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश महिला कांग्रेस नारी न्याय यात्रा करेगी। यह जानकारी बुधवार को महिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कांग्रेस भवन में दी। उन्होंने बताया कि भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई के खोखले नारे के विरुद्ध कांग्रेस नारी न्याय यात्रा करेगी।
आशा मनोरमा ने पत्रकार वार्ता में कई भाजपा नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि जहां हमारे नेता भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं वहीं अब महिला कांग्रेस भाजपा नेताओं के विरुद्ध नारी न्याय यात्रा प्रारंभ करेगी। इस नारी न्याय यात्रा के लिए आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वच्छता/शौचालय, राजनीति में सशक्तिकरण, हिंसा के खिलाफ न्याय यात्रा जैसे मामलों पर यात्रा की जाएगी।
भाजपा के शासनकाल के दौरान हमने महिलाओं की गरिमा का लगातार उल्लंघन होते देखा है और भाजपा नेता अपने संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप अपने मन की बात कहने वाली महिलाओं के खिलाफ सख्त गैरकानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

## धामी बोले, समान नागरिक संहिता की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर चल रही चर्चा को सकारात्मक बताया है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के उद्देश्य से विधानसभा में पेश विधेयक पर सम्मानित सदस्यों द्वारा सकारात्मक चर्चा की जा रही है। हम विधानसभा में प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

# समिति की बैठक में समूह के सदस्यों के क्षमता विकास को लेकर हुई चर्चा

**बैठक**

**8 कर्णभूमि किसान उत्पादक स्वायत्त सहकारिता की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक का आयोजन**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के कर्णप्रयाग विकासखंड के खडगोली में बुधवार को कर्णभूमि किसान उत्पादक स्वायत्त सहकारिता की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें समूह के सदस्यों के क्षमता विकास पर चर्चा की गई।
खडगोली गांव में आयोजित बैठक में कर्णप्रयाग विकाखण्ड के गौचर,



नौटी, सोलना, कनखुल कलस्टर के गांवों के उत्पादक समूह सदस्यों एवं सहकारिता के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर हिमाद के सचिव उमाशंकर बिष्ट ने कहा कि पारस्परिक लाभ एवं सामूहिक जीविकोपार्जन के लिए समूह मुख्य आधार है। समूह की आवश्यकता हमारे दैनिक जीवन से जुड़ी होती है, इसलिए समूह में कार्य करने वाले सदस्यों की क्षमता विकास होना नितान्त आवश्यक है।
उन्होंने किसान उत्पादक समूहों को स्थानीय कृषि उत्पादों के उत्पादन में बढावा देने के साथ ही पहाड़ी कृषि उत्पादनों के महत्व की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि हिमोत्थान सोसायटी देहरादून एवं टाटा टस्ट्र के माध्यम से ग्रामस्तर पर किसान उत्पादक समूहों के सदस्यों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित स्वरोजगार के उद्यमों को विकसित करने में डेरी, फल प्रस्करकरण, मुर्गी पालन, बागवानी, बकरी पालन, पशुपालन, कृषि उत्पादनों का संग्रहण, विपणन, मशरूम उत्पादन आदि व्यवसायों को बढ़ाने के लिए तकनीकी सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि उघु उद्यमों को विकसित कर सहकारिता के माध्यम से ग्राम स्तर पर स्वरोगार के अवसर प्राप्त हो सकते है। उन्होंने स्वरोजगार के लिए आगामी वर्ष के लिए सहकारिता के साथ कार्य योजना निर्माण भी की।
इस अवसर पर उद्यमी बीरेन्द्र सिंह रावत ने अपने अनुभवों का साक्षा करते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन का प्रबन्धन और तकनीकों का उपयोग कर हम ग्राम स्तर पर आजिविका के संसाधन उपलब्ध कर सकते है। उन्होंने कहा कि आर्थिक मजबूती से ही हम अपने और गांव के विकास में योगदान कर सकते है। उन्होंने कहा कि सहकारिता महिलाओं को व्यवसायों के संचालन प्रबन्धन और कौशल विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुयी है। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने संसाधनों की पहचान कर तकनीकी ज्ञान से स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक सदन में आज होगा पारित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) बुधवार को विधानसभा के विस्तारित सत्र में पारित किया जाएगा। इसके अलावा उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिह्नित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक भी पारित होगा।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता विधेयक प्रस्तुत किया था। बुधवार को चर्चा पूरी होने के बाद यह विधेयक पारित होगा। हालांकि विपक्ष इस विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने की मांग कर रहा है। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने विधायकों के हस्तरक्षित पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सैंपा है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस पर आज सदन में अपना वक्तव्य दे सकते हैं। उत्तराखंड के लिए आज का ऐतिहासिक दिन होगा। आंदोलनकारी आरक्षण विधेयक पर भी चर्चा होगी और फिर इसे पारित किया जाएगा।
192 पृष्ठ के समान नागरिक संहिता विधेयक में मुख्य रूप से महिला अधिकारों के संरक्षण को केंद्र में रखा गया है। विधेयक चार खंडों विवाह और विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, सहवासी संबंध (लिव इन रिलेशनशिप ) और विविध में विभाजित किया गया है। विधेयक में 392 धाराएं है, जिनमें से केवल उत्तराधिकार से संबंधित धाराओं की संख्या 328 है। विधेयक
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से हमने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता से राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लाने का जो "संकल्प" प्रकट किया था, उसे आज हम पूरा करने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेते हुए समान नागरिक संहिता का विधेयक विधानसभा में पेश कर दिया है। देवभूमि के लिए वह ऐतिहासिक क्षण निकट है जब उत्तराखंड प्रधानमंत्री मोदी के विजन "एक भारत, श्रेष्ठ भारत"का मजबूत आधार स्तम्भ बनेगा।

### उत्तराखंड : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूरे देश की तरह उत्तराखंड में भी छापेमारी प्रारंभ कर दी है। कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत के घर और उनसे जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी चल रही है। दिल्ली, उत्तराखंड, चंडीगढ़ समेत 16 स्थानों पर ईडी छापेमारी की जा रही है।
उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री कांग्रेस के नेता हरक सिंह के ठिकानों पर ईडी की रेड चल रही है। उनके डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास में भी देर रात टीम पहुंची और छापेमारी चल रही है। डॉ. हरक सिंह रावत के अलावा 10 से ज्यादा अन्य स्थानों पर भी प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी अपनी कार्रवाई कर रहे हैं। इस संदर्भ में विधानसभा में भी मुद्दा उठाया गया जहां कांग्रेस नेता भुवन कापड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के कदावर नेताओं पर ईडी की कार्रवाई कर रही है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं के घर ईडी की छापेमारी चल रही है। भाजपा तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाकर अन्य दलों के नेतृत्व को समाप्त करना चाहती है जबकि भाजपा की ओर से डॉ. धन सिंह रावत ने इसका प्रतिकार किया। उन्होंने कहा कि डॉ. हरक सिंह रावत के घर ईडी की छापेमारी जानकारियों के आधार पर की जा रही है। यह छापेमारी भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट लोगों पर छापेमारी से आम लोगों को खुश होना चाहिए।

### पिता की अस्थियां प्रवाहित करने आया पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पिता की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने आया पुत्र रुड़की में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले में उसके छोटे भाई ने गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी है।लालचंद शर्मा निवासी थाना सालासर ने बताया कि वह परिवार के साथ पिता की अस्थियां गंगा में प्रवाहित करने के लिए हरिद्वार आए थे। वापसी में वह चाय पीने के लिए रुड़की मार्ग पर रुके थे। इसी दौरान उनका बड़ा भाई 42 वर्षीय ताराचंद शर्मा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। उसकी काफी देर तक आसपास तलाश की। उसके बाद वहकोतवाली पहुंचे और उसकी गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी।

# डा. हरक सिंह के घर ईडी की छापेमारी पर बोला वाजिद, आलमारी खोलने को चाबी बनाने आया था



**छापेमारी**

**8 डॉ. हरक सिंह रावत के दिल्ली, देहरादून, चंडीगढ़ जैसे 16 स्थानों पर जगहों पर भी छापेमारी चल रही है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत के डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी की छापेमारी चल रही है। इस छापेमारी पर भले ही ईडी अधिकारी कोई बात न कर रहे हों पर एक चाबी बनाने वाले लड़के वाजिद ने काफी कुछ कह दिया है।
कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत के दिल्ली, देहरादून, चंडीगढ़ जैसे 16 स्थानों पर जगहों पर भी छापेमारी चल रही है। बुधवार को हरक सिंह रावत के आवास पर चाभी बनाने वाले वाजिद ने बाहर निकलकर जो जानकारी दी वह छापेमारी की कार्रवाई की तह की चर्चा की करती है। वाजिद ने बताया कि उसे आलमारी की चाबी बनाने के लिए सम्पर्क किया गया था। उसने चाबी बनाई और वहां से सिर्फ एक फाइल निकाली गई।
डॉ. हरक सिंह के आवास पर उनकी पत्नी मौजूद हैं। वाजिद के अनुसार उसे चाबी बनाने में करीब डेढ़ से दो घंटे का समय लगा। मौके पर चार-पांच ईडी के अधिकारी उपस्थित थे, जो लगातार चर्चा कर रहे हैं। वाजिद ने बताया कि मुझे सर्वे चौक स्थित एक कार्यालय से फोन किया गया और 11 बजे वह चाबी बनाने लग गया था। उसने बताया कि आलमारी की चाबी बनाने के बाद आलमारी को खोलकर देखा गया, उसमें केवल फाइलें थीं। घर के अंदर छह से सात आदमी हैं जो ईडी के अधिकारी रहेंगे होंगे।
वाजिद का कहना है, उस आलमारी के अंदर केवल फाइलें हैं। उसका कहना था कि मैंने उनकी पत्नी की उपस्थित में आलमारी खोली है। फिलहाल छापेमारी जारी है। यह जानकारी वाजिद के हवाले से मिली है।

## नशा तस्कर तौफिक उर्फ राशिद उर्फ भरता गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने पटेल नगर के स्मार्ट एनक्लेव से तौफिक उर्फ राशिद उर्फ भरता पुत्र अनवर निवासी मेहूवाला के पास से 68 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। आरोपित यह स्मैक बिहारीगढ़ से लाया था, जिसको वह अपने ड्रग पैडलरों के माध्यम से पटेल के स्कूलों के आसपास बेचता था। पुलिस को आरोपित के कब्जे से स्मैक के साथ-साथ 9600 रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपित पर एनडीपीएस और गैंगस्टर के आठ मुकदमे लंबित हैं।

# उत्तराखंड विस सत्र : यूसीसी पर चर्चा जारी, मुन्ना सिंह चौहान ने बताया जरूरी

**नागरिक संहिता**

**8 यह दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार इतने वर्षों तक यह कानून नहीं ला पायी: मुन्ना सिंह चौहान**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा में समान नगारिक संहिता (यूसीसी) पर चर्चा जारी है। बुधवार को इस चर्चा के दौरान भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार इतने वर्षों तक यह कानून नहीं ला पायी। अब जब धामी सरकार यह कानून ला रही है तो इसकी सराहना की जानी चाहिए।भाजपा विधायक मुन्ना सिंह ने कहा कि समय की मांग है। इसे मुस्लिम बेटियां और महिलाएं पसंद कर रही हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि जो उत्तराखंड का कानून नहीं मानेगा, उसे राज्य में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसी चर्चा के दौरान बसपा विधायक मो. शहजाद ने कहा कि यह कानून आना चाहिए, लेकिन पूर्णरूप में आना चाहिए। पुरुषों के मुकाबले महिलाएं धर्म के लिए ज्यादा जागरूक होती है। हम सबने स्कूल में श्रीकृष्ण और श्रीराम को पढ़ा है।

# कैलाशानंद गिरि को बर्खास्त करे निरंजनी अखाड़ा : प्रबोधानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हिन्दू रक्षा सेना के प्रमुख महामण्डलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज ने कहाकि निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि को निरंजनी अखाड़े के आचार्य पद से बर्खास्त कर देना चाहिए। इतना ही नहीं अखाड़े को उनके गेरूआ वस्त्र भी वापस ले लेने चाहिए। इसके अलावा उन्होंने संतों के वैरिफिकेशन को लेकर भी अखाड़ा परिषद व जिला प्रशासन से मांग की, जिससे किसी भी अखाड़े में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति शामिल न हो।
प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता में स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज ने कहा कि आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि पर




अपहरण के आरोप लगाए गए हैं। इसके बावजूद इतने दिन बीत जाने पर भी उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, जिससे उनके ऊपर लगे आरोपों की पुष्टि भी होती है। उन्होंने कहा कि यदि वे सही हैं तो वे सामने आकर अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत साबित कर-के दिखाएं। जबकि पिछले दिनों ध्स्वामी धर्मदत्त महाराज प्रयागराज में प्रेस वार्ता कर उन पर अपहरण जैसे गंभीर मामले में मुकदमा दर्ज होने के आरोप लगा चुके हैं।
उन्होंने मांग कि की कई संत भेष में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिन पर हत्या, लूट,अपहरण व बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं। वह सं के भेष में घूम रहे हैं।
ऐसे संतों की पहचान कर उन्हें अखाड़ों व संत समाज से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।
गौरतलब है कि स्वामी कैलाशानंद गिरि ऊर्फ कैलाशादास पर अयोध्या में वर्ष 1997 में संजय पति त्रिपाठी के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज है और इनके घर की कुर्की भी की जा चुकी है। इस मामले में स्वामी कैलाशानंद गिरि तभी से फरार हैं। बाबा बलराम दास हठयोगी ने हरिद्वार लोकसभा सीट से किसी संत को टिकट देने की मांग करते हुए प्रदेश में यूसीसी लागू करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को साधुवाद दिया।

# उत्तराखंड विधानसभा : विपक्ष का विधेयक को प्रवर समिति को भेजने की मांग के साथ शुरू हुआ सत्र

**यूसीसी**

**8 उत्तराखंड विधानसभा सत्र के तीसरे दिन समान नागरिक संहिता पर चर्चा के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर चर्चा के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान विपक्षी विधायकों ने इस विधेयक को प्रवर समिति को भेजने की मांग करते हुए कहा कि विधायकों से सुझाव नहीं लिये गये। सदन के नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद हैं।
संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि यह कॉपी और पेस्ट नहीं है। हिन्दू रीति और मुस्लिम सहित अन्य धर्म के लोगों की शादी परंपरा पर रोक नहीं है। लिव इन रिलेशनशिप पर एक तरफ आप कह रहे हो कि पंजीकरण ठीक नहीं और दूसरी तरफ आप उत्तराखंड में ऐसे नियम का विरोध कर रहे हो।
हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने पीसीएस अभ्यर्थियों पर आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने सदन से अभ्यर्थियों पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए आश्वस्त किया।
कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि इस बिल को राज्य को नहीं केन्द्र को लाना चाहिए था। इस पर इंतजार करना चाहिए था, लेकिन इसे जल्दबाजी में लाया गया है। इस बिल को प्रवर को सौंपना चाहिए। इस



पर सरकार ने विधायकों की राय नहीं ली। लड़की और बहनों को अधिकार मिलना चाहिए। शादी के बाद क्या ससुराल जाने के बाद लडकी को सुरक्षित रखने का अधिकार इसमें नहीं है।
कांग्रेस विधायक दल के उप नेता भुवन कापड़ी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि बाल विवाह एक्ट 1928 में आ गया था। लड़कियों को पैतृक संपत्ति में अधिकार 2025 से है, इसमें विशेष क्या आया है। उन्होंने कहा कि यह बिल कट, कॉपी और पेस्ट किया हुआ है। सभी धर्मों में अलग-अलग धार्मिक मान्यताएं और परंपराएं हैं। युवाओं की आजादी को खत्म करने और युवा अवस्था पर डंक मारा गया है। सहवास राजकीय भाषा का अपमान है। उत्तराखंड देवभूमि है और पर्यटन,धर्म और शिक्षा के लिए जाना जाता है। अब तो कोई भी उत्तराखंड आएगा और एक रूम लेकर लिव इन रिलेशनशिप में रह सकता है बिना शादी किए। यह राज्य के साथ मजाक है। सनातन और परंपराओं का उल्लंघन है।
कांग्रेस विधायक जसपुर आदेश चौहान ने कहा कि यूसीसी पर कांग्रेस विरोध में नहीं है, लेकिन हमको पढ़ने का पर्याप्त समय नहीं मिला। इस पर विधायकों से राय लेनी चाहिए थी। इस दौरान उन्होंने श्रीराम के फोटो को सांवले से काले पर चुटकी ली। तभी संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम के बारे इस तरह की टिप्पणी अपमान करने जैसा है। इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।
धारचूला विधायक हरीश धामी ने कहा कि मेरे पास कई महिलाओं ने फोन कर इस विधेयक के लिए बधाई दिया है। हम इस विधेयक का हम समर्थन करते हैं। इसे प्रवर समिति को सौंप दिया जाए।
नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधानसभा सत्र में जाने से पहले पत्रकारों से बातचीत में यूसीसी पर कहा कि इस पर गुणदोष के आधार पर एक बार इसे प्रवर समिति को सौंपना चाहिए। प्रवर समिति के रिपोर्ट आने बाद इस पर आगे बढ़ना चाहिए। सरकार को इस विधेयक लाने से पहले अभी और इंतजार करना चाहिए था। आदिवासी समाज को इससे बाहर क्यों किया गया है। हड़बड़ी किस बात की है। इसे चुनाव के बाद भी लाया जा सकता था, लेकिन भाजपा के पास चुनाव में जाने के लिए मुद्दे नहीं है। हरक सिंह रावत ने कहा कि मुझे इस संबंध कुछ मालूम नहीं है।
कांग्रेस विधायक दल के उपनेता भुवन कापड़ी ने कहा कि 12 घंटे के अध्ययन में यह समझ में आया कि इस रिपोर्ट में कुछ नया नहीं है। सबको उठाकर छापा गया है। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के कदावर नेताओं के घर डर से ईडी की छापेमारी करवा रही है। सरकार तानाशाही अपनाकर अन्य दलों के नेतृत्व को खत्म करना चाहती है।
सत्र में जाने से पहले विधानसभा मंडप के बाहर सीढ़ी पर हरिद्वार जिले के कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र जाती, रवि बहादुर सहित अन्य ने किसानों का इकबालपुर गन्ना मिल का 2018-19 का बकाया भुगतान दिलाओ की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# बागवानी और पर्यटन से संवरेगा उत्तरकाशी के वाशिंदों का भविष्य : डीएम मेहरबान सिंह बिष्ट

**प्राथमिकता**

**8 -उत्तरकाशी के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उद्यमी बनना मेरी पहली प्राथमिकता: डीएम**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के नवनियुक्त डीएम डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि यहां को लोगों का बागवानी, पर्यटन और सोलर एनर्जी के क्षेत्र में बेहतर भविष्य है। इनको स्वरोजगार से जोड़ कर उद्यमी बनना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री -यमुनोत्री विश्व प्रसिद्ध तीर्थ धाम, पर्यटन सहित कृषि और बागवानी की अपार संभावनाएं हैं।
नवनियुक्त जिलाधिकारी ने बुधवार को एक मुलाकात में कहा कि उत्तरकाशी जनपद एक ऐसा जिला है जहां पलायन नहीं हुआ है। मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी कि उत्तरकाशी जिले के लोगों को पर्यटन, तीर्थाटन, कृषि और बागवानी सहित सोलर एनर्जी के क्षेत्र से स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें उद्यमी बनना है। यहां के बरोजगार युवा -युवतियों के बेहतर भविष्य बनाने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही को धरातल पर उतारा ना मेरी पहली प्राथमिकता है।
उत्तरकाशी की मिट्टी बागवानी के लिए उपयुक्त-
उत्तरकाशी के डीएम डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार की तरफ से बागवानी की फसलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को बागवानी और फलदार पौधों को ज्यादा से ज्यादा करने की सलाह दी जायेगी। जिला उद्यान विभाग के मुताबिक उत्तरकाशी की मिट्टी और भौगोलिक स्थिति बागवानी की फसलों के उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त है इन फसलों की खेती में ज्यादा खर्च नहीं आता है। सिर्फ थोड़ी मेहनत करने की जरूरत है।
एपल मिशन और पाली हाउस से चमकेगी काश्तकारों की किस्मत-
उत्तराखंड सरकार राज्य में बागवानी फसलीकरण के अंतर्गत संरक्षित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी डी तिवारी बताते हैं संरक्षित खेती के लिए किसानों को बकायदा सब्सिडी भी दी जा रही है। इस कड़ी में एपल मिशन और पाली हाउस लगाने से लगभग जिले के 1700 किसानों को लाभ मिलेगा सरकारी किसानों प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी देती है। हमारा लक्ष्य कि वित्त वर्ष में आठ से नौ सौ किसानों को पाली हाउस से देकर सब्जी सब्जी व फूलों के उत्पादन करवा जायेगा जिससे किसानों को बिक्री करने के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा बल्कि खुद खरीदी करने के लिए वहां व्यापारी आएंगे। उन्होंने कहा कि एपल मिशन में 616 बागवानी काश्तकारों के जिंदगी में खुशहाली आने वाली है। सरकार एपल मिशन में 90 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है।
सोलर एनर्जी से आया का सबसे अच्छा साधन-
जिलाधिकारी डा. बिष्ट ने कहा कि सोलर एनर्जी इंडस्ट्री का दिन प्रतिदिन तेजी से विकास हो रहा है ऐसे में युवाओं के लिए इस सेक्टर में काफी संभावनाएं उभर रहीं हैं, जिससे इस इंडस्ट्री में भी नौकरियों के नए अवसर बढ़ते जा रहे हैं। आज हम आपको बताते हैं कि कैसे सोलर एनर्जी इंडस्ट्री में करियर बनाया जा सकता है। देश दुनिया में सोलर एनर्जी की मांग बढ़ती जा रही है। बड़े बड़े उद्योग धंधों में भी धीरे धीरे सोलर एनर्जी का उपयोग बढ़ा है।
ऐसे में नई नई नौकरियों के रास्ते भी खुल रहे हैं।
पहाड़ों में सोलर सोलर एनर्जी सबसे उपयुक्त स्थान -
डीएम डा. बिष्ट ने कहा कि उत्तरकाशी जिले में सोलर योजना के अपार संभावनाएं हैं। यहां सबसे उपयुक्त स्थान है। उत्तरकाशी में स्वच्छ धूप है यह के बंजर भूमि में सोलर प्लांट लगाकर अच्छी खासी आमदनी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार सोलर एनर्जी के लिए स्कीम चला रही है। इसका लाभ स्थानीय लोगों को दिया जाएगा, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके।

## 'जेके टायर का लाभ तीन गुणा बढ़ावित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में जेके टायर का लाभ तीन गुणा बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख कंपनी, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड परिणामों की घोषणा कर दी है । वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान में, कंपनी ने 3,700 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व दर्ज किया। और 563 करोड़ रुपये का एबिडिटा हासिल किया, जो कि गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 61प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2023 में दर्ज स्तरों से 24 प्रतिशत की कमी के साथ शुद्ध ऋण 3,456 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के प्रदर्शन के आधार पर, बोर्ड ने 2 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति शेयर पर एक रुपये (50 प्रतिशत) का अंतरिम लाभांश तय और घोषित किया है। चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा, ष्जेके टायर में, हम उत्पाद प्रीमियमीकरण, मात्रा विस्तार और हमारे उत्पाद मिश्रण को अनुकूलित करने पर केंद्रित कर लाभदायक विकास हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी उत्पाद श्रेणियों में आर्थिक गतिविधियों में मजबूत गति और सकारात्मक कंज्यूमर सेंटीमेंट्स के चलते मांग का दुष्टिकोण आशावादी बना हुआ है। तिमाही के दौरान निर्यात को प्रभावित करने वाली भू-राजनीतिक गड़बड़ी के कारण वैश्विक मांग परिदृश्य अभी भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।
कैवेंडिश इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सीआईएल) और जेके टॉर्नेल, मैक्सिको जैसी सहायक कंपनियों के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. सिंघानिया ने कंपनी के समग्र राजस्व और लाभप्रदता को बढ़ाने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया। दिसंबर 2023 में हमने क्यूआईपी के माध्यम से सफलतापूर्वक 500 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## स्वतंत्र भारत में उत्तराखंड यूसीसी को लाने वाला प्रथम राज्यः चिदानंद मुनि



**ऐतिहासिक निर्णय**

**8 मुनि ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कमाल कर धमाल मचा दिया।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता बिल को लाया जाना राष्ट्र एक नई करवट ले रहा है ,ऐसे में दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की जरूरत है। यह बात स्वामी चिदानंद मुनि ने कही।
स्वामी चिदानंद मुनि ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कमाल कर धमाल मचा दिया। यह समय शंका व शक का नहीं बल्कि हक का है।
स्वामी चिदानंद ने जनसंख्या नियंत्रण कानून पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे पास प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं और जनसंख्या वृद्धि से संसाधनों पर जोर पड़ रहा है ये समय से पहले समाप्त हो रहे हैं, इसलिये एक सख्त कानून की जरूरत है। अब समय आ गया कि ☒☒हम दो हमारे दो और सब के दो! जिसके दो उसी को दो☒☒ नहीं तो हमारी आगे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। उन्होंने वाणी प्रदूषण, विचार प्रदूषण और वायु प्रदूषण न फैलाने का संदेश देते हुए कहा कि भारत शौर्य के साथ धैर्य की भी भूमि है। इस समय भारत की विशालता को भारत की दृष्टि से देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य की नीति के निदेशक तत्व के अन्तर्गत है। इसमें कहा गया है कि ☒राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा।☒ यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है कि हर धर्म, जाति, संप्रदाय, वर्ग के लिए पूरे देश में एक ही नियम। दूसरे शब्दों में कहें तो समान नागरिक संहिता का मतलब है कि पूरे देश के लिए एक समान कानून का होना।स्वामी चिदानंद ने कहा कि यूसीसी लागू करने से राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा। यह धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिये खतरा नहीं है बल्कि इससे एकता, एकरूपता और सद्भाव के वातावरण का निर्माण होगा। समान नागरिक संहिता से पूरे देश के लिये एक समान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि कानूनों में भी एकरूपता प्रदान होगी और धार्मिक विभाजन को कम करने में मदद मिलेगी, परस्पर विश्वास प्रगाढ़ होगा, धार्मिक रूढ़िवादिता के बजाय लोकहित के कार्य होंगे। यूसीसी का प्रवर्तन कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करेगा, कानूनों को सरलीकृत करेगा और धर्मनिरपेक्षता के आदर्श का पालन करते हुए लैंगिक न्याय को सुनिश्चित करेगा। साथ ही समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगा। महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न को दूर कर-के लैंगिक न्याय एवं समानता सुनिश्चित करेगा।
अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होता है तो लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ा दी जाएगी। इससे वे कम से कम ग्रेजुएट तक की पढ़ाई पूरी कर सकेंगी। गांवों और छोटे शहरों के स्तर तक शादी के पंजीकरण की सुविधा पहुंचाई जाएगी। उत्तराधिकार में बेटा और बेटी को बराबर का हक होगा। मुस्लिम बहनों को बच्चे गोद लेने का अधिकार मिल जाएगा। उन्हें हलाला और इद्दत से पूरी तरह से छुटकारा मिल जाएगा। लिव-इन रिलेशन में रहने वाले सभी लोगों को डिक्लेरेशन देना पड़ेगा इससे भारतीय संस्कृति बची रहेगी। पति और पत्नी में अनबन होने पर उनके बच्चे की कस्टडी दादा-दादी या नाना-नानी में से किसी को दी जाएगी।

## विदेशी पिस्टल और कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आजकल पुलिस की अपराधियों पर पैनी नजर है। हरकी पैड़ी चौकी पुलिस ने आज क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को एक विदेशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
हरकी पौड़ी चौकी प्रभारी संजीव चौहान ने पुरोहित लॉज के पास से एक हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा। उसके पास से एक विदेशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपित का नाम अर्पित पुत्र श्याम सुंदर निवासी पालिका मार्केट हरकी पैड़ी बताया गया है।

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र ने राज राजेश्वराश्रम के स्वास्थ्य का जाना हाल

**हालचाल**

**8 इस दौरान पूर्व महापौर ऋषिकेश अनिता ममगांई और अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बुधवार को एम्स में शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज के स्वास्थ्य का हालचाल जाना।
शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो (डॉ) मीनू सिंह से भी उन्होंने बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पूर्व महापौर ऋषिकेश अनिता ममगांई और अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे। शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। एम्स में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनकी सघन जांच और उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें बुखार और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद एम्स ऋषिकेश के आपातकालीन विभाग में भर्ती किया गया था।
अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भारत भूषण ने बताया कि अस्पताल में भर्ती के उपरांत उनकी स्वास्थ्य की प्रारंभिक पड़ताल व सघन जांचें कराई गईं हैं। उनके छाती के सीटी स्कैन से निमोनिया से ग्रसित होने का पता चला है। उप चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार उन्हें एंटीबायोटिक्स और ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज का कोविड टेस्ट नेगेटिव है। इंसुलिन इंजेक्शन से उनकी शुगर को नियंत्रित किया जा रहा है। बीते दिवस से उनकी हालत स्थिर है, उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में सीसीयू में रखा गया है इस दौरान विनय उनियाल वरिष्ठ भाजपा नेता, संदीप गुप्ता पूर्व राज्य मंत्री, केएस पंवार, संजय व्यास (व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक) आदि मौजूद रहे।

## भाजपा नेता और श्रीराम सेवक सभा के महासचिव बवाड़ी को पितृशोक

**दुःख**

**8 बवाड़ी के निधन पर नगर के व्यवसायियों, श्रीराम सेवक सभा के पदाधिकारियों, नेताओं ने भी दु:ख व्यक्त किया है**



**नैनीताल /टीम एक्शन इंडिया**
नगर के व्यवसायी नेता, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष तथा नगर की सर्वप्राचीन धार्मिक-सांस्कृतिक संस्था श्रीराम सेवक सभा के महासचिव जगदीश बवाड़ी के पिता सुरेश चंद्र बवाड़ी का बुधवार सुबह स्वर्गवास हो गया है। वह 82 वर्ष के थे। इधर बीते करीब एक सप्ताह से वह अस्वस्थ चल रहे थे।
प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्होंने अपने मल्लीताल स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा पाइंस स्थित श्मशान घाट के लिये रवाना हुई। वह अपने पीछे तीन पुत्र जगदीश, गिरीश एवं दिनेश बवाड़ी का भरा-पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गये हैं।
स्वर्गीय बवाड़ी के निधन पर नगर के व्यवसायियों, श्रीराम सेवक सभा के पदाधिकारियों, भाजपा नेताओं एवं कांग्रेस पार्टी ने भी दुःख व्यक्त किया है।

## मार्स द्वारा स्टेट ऑफ पेट होमलेसनेस प्रोजेक्ट पालतू जानवरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालता है

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मार्स के साथ साझेदारी में एनिमल वेलफेयर एक्सपर्ट्स के एक वैश्विक गठबंधन ने आज पालतू जानवरों की बेघरता पर अब तक के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के नतीजे जारी किए। महत्वाकांक्षी 'स्टेट ऑफ पेट होमलेसनेस प्रोजेक्ट' 20 बाजारों में पालतू बेघरों के पैमाने को समझने और पालतू जानवरों को सड़कों पर या आश्रयों में रखने के कारणों को समझने के लिए तैयार किया गया है, जो पालतू जानवरों की एक बड़ी छिपी हुई आबादी की जरूरतों पर प्रकाश डालता है। रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया में 3 में से 1 पालतू जानवर बेघर है, अनुमान है कि लगभग 362 मिलियन पालतू जानवर अभी भी घर के इंतजार में हैं। 20 बाजारों में बेघर पालतू जानवरों का वैश्विक औसत कुल कुत्ते और बिल्ली की आबादी का 35 प्रतिशत आंका गया है।
भारत के निष्कर्षों से एक गंभीर तस्वीर सामने आई है कि 69 प्रतिशत बिल्लियों औरकुत्तों के पास घर नहीं है। भारत में अधिकांश पालतू जानवर (60.5 मिलियन) सड़कों पर रह रहे हैं, जबकि अन्य (8.8 मिलियन) आश्रयों में घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। भारत में 69.3 मिलियन (69 प्रतिशत) बिल्लियाँ और कुत्ते बेघर हैं, जो वैश्विक बेघर पालतू जानवरों की आबादी का लगभग 19 प्रतिशत है। भारत में 60.5 मिलियन (71 प्रतिशत) कुत्ते सड़क पर या आश्रयों में रहते हैं, जो वैश्विक बेघर कुत्तोंकी आबादी का लगभग 39 प्रतिशत है। 8.8 मिलियन बिल्लियाँ सड़क पर या आश्रय स्थलों में रहती हैं, जो बेघर बिल्लियों की आबादी का 4.25 प्रतिशत है। जबकि आश्रयों से गोद लेने की दर अभी भी कम है, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 53 प्रतिशत लोग भविष्य में आश्रयों से गोद लेने की तैयारी में हैं। 47 प्रतिशत और 28 प्रतिशत लोग क्रमशः कुत्ते और बिल्ली के के मालिक बनने के बारे में सोच रहे हैं। देश में पालतू जानवर पाने करने के लिए दोस्त, रिश्तेदार सबसे लोकप्रिय मार्ग हैं, इन स्त्रोतों से कुत्ते (28 प्रतिशत) और (30 प्रतिशत) बिल्लियाँ आती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के 33 प्रतिशत लोगों ने दोस्तों, परिवार से पालतू जानवरों को गोद लिया है। शहरी क्षेत्रों के 32 प्रतिशत लोग घर में पालतू जानवर लाने के लिए पालतू जानवरों की दुकानों पर निर्भर हैं। भारत में, परियोजना के लिए शहरी (1,402) क्षेत्रों और ग्रामीण (1,163) क्षेत्रों से 2,565 विशेषज्ञों का साक्षात्कार लिया गया। इस परियोजना में देश के नौ मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों के पालतू जानवरों के पेशेवरों के साक्षात्कार भी शामिल थे।

## उत्तराधिकारी महंत नियुक्त किए गए स्वामी ब्रह्मानंद महाराज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा है कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। ब्रह्मलीन स्वामी महानंद अवधूत महाराज संत शिरोमणि थे। राष्ट्र निर्माण में उनका अतुल्य योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।
भूपतवाला स्थित ब्रह्मविभु मंदिर निरपेक्ष सन्यास आश्रम में ब्रह्मलीन महानंद अवधूत महाराज की श्रद्धांजलि सभा में सभी अखाड़ों के संतों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए एक महान संत बताया।

## एक घंटे में चार लूट की घटनाओं का आरोपित नशेड़ी गिरफ्तार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एक घंटे में चार लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले नशेड़ी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
थाना नेहरू कॉलोनी में आरती शर्मा निवासी फ्रेंड्स एनक्लेव डिफेंस कॉलोनी देहरादून ने तहरीर दी की शाम के समय वह अपने ऑफिस से घर की ओर जा रही थी, तभी राजीव नगर कट पर काले रंग की स्कूटी में सवार एक लड़के ने उनका बैग लूट लिया, जिसमें उनके आवश्यक दस्तावेज तथा 2000 नकद थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।
इसी दौरान कन्ट्रोल रूम के माध्यम से डालनवाला क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर भी काली स्कूटी सवार व्यक्ति के लूट की घटनाओं को अंजाम दिये जाने की सूचना मिली। पुलिस की नियमित रूप से चेकिंग की क्लोज मॉनिटरिंग की जा रही थी। परिणामस्वरूप नेहरू कॉलोनी पुलिस ने घटना में शामिल युवक को सूचना के एक घंटे के अन्दर बद्री कालोनी के पास खाली प्लॉट से गिरफ्तार किया गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से नेहरू कालोनी में की गई लूट की घटना से सम्बन्धित वादिनी के दस्तावेज और नकदी बरामद हुई। इसके अतिरिक्त आरोपित के पास से डालनवाला क्षेत्र में की गई लूट की तीन अन्य वारदातों से सम्बन्धित माल भी बरामद हुआ।
पूछताछ में उसने अपना नाम अर्चित नैथानी पुत्र ईश मोहन नैथानी निवासी जलवायु टावर के पास झाझरा प्रेमनगर बताया। उसके बताया कि वह नशे का आदी है और नशे में ही उक्त सारी घटनाओं को अंजाम दिया था। सर्कुलर रोड में उसके द्वारा एक राह चलती महिला का बैग छीन लिया था, जिसमें उसे कुछ कागजात और ज्यादा रुपये नहीं थे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी का वोटर जागरूकता पर ध्यान देने के दिये निर्देश



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए वोटर जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वीप गतिविधियों के साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का सहयोग लिया जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को वोटर जागरूकता कार्यक्रमों सेजोड़ा जाए।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी मैनेजमेंट प्लान और आयोग के मानकों के अनुरूप स्टेट डिप्लॉयमेंट प्लान बना लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्मिकों की ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्मिक पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी विजिल जैसी अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। लोगों तक इसकी जानकारी अधिकाधिक पहुंचाई जाए। वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बूथ वार रणनीति बनाई जाये। बूथ स्तरीय जागरूकता समूहों को सक्रिय किया जाए।
बैठक में संयुक्त निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, सी.ए.पी.एफ. नीलेश आनंद भरणे, पी. रेणुका देवी, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. ललित नारायण मिश्रा, अपर निदेशक, शहरी विकास विभाग तीरथ पाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, देहरादून स्मार्ट सिटी प्रा.लि., डॉ. सुनिता टम्टा, निदेशक (पी.एस.बी.), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, मनीष जुगरान, तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, ले. कमाण्डर दीपक खण्डूडी, निदेशक (इन्फा), उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, अनुपम द्विवेदी, संयुक्त निदेशक, उद्योग निदेशालय, मनोज पाण्डेय, उप निदेशक, कोषागार, निदेशालय, रवि बिजारनिया, उप निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, डॉ. तन्जीम अली, उप सचिव, इरला चैक सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## एचडीएफसी बैंक ने पहले सस्टेनेबल फाइनेंस बॉन्ड इश्यू के जरिए 300 मिलियन डॉलर जुटाए

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।** एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने अपने पहले सस्टेनेबल फाइनेंस बांड इश्यू के माध्यम से 300 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह रेगुलेशन एस बॉन्ड्स के जरिए जुटाए गए 750 मिलियन डॉलर का हिस्सा है। जबकि यूएस ट्रेजरी में 95 बेसिस प्वाइंट्स के प्रसार के साथ तीन साल की अवधि के लिए 300 मिलियन डॉलर जुटाए गए हैं, यूएस ट्रेजरी पर 108 बेसिस प्वाइंट्स के प्रसार के साथ, 5 साल की अवधि के लिए अन्य प्लस 450 मिलियन डॉलर जुटाए गए हैं। ये किसी भारतीय जारीकर्ता द्वारा तीन साल के सस्टेनेबल बांड और यूएसडी रेग एस जारी करने के समान आकार के लिए पांच साल के सीनियर अनसिक्योर्ड बांड के लिए हासिल किया गया सबसे सख्त क्रेडिट स्प्रेड हैं। सस्टेनेबल फाइनेंस के अनुसार ग्रीन और सोशल लोन्स के फाइनेंस के लिए किया जाएगा, जबकि शेष आय सामान्य बैंकिंग गतिविधियों के फाइनेंसिंग के लिए जाएगी। इस मौके पर अरूप रक्षित, ग्रुप हेड, ट्रेजरी, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि सस्टेनेबल फाइनेंस बांड के माध्यम से जुटाए गए फंड्स को इलेक्ट्रिक वाहनों, एसएमई और अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए लोन देने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। हम बैंक की रिस्क फिलॉसफी का पालन करते हुए भी ग्रीन और सोशल पोर्टफोलियो बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। बांड्स को इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (इंडिया आईएनएक्स) पर सूचीबद्ध किया जाएगा। मूडीज द्वारा पेपर को बीएए 3 (स्टेबल) और एसएंडपी द्वारा बीबीबी- (स्टेबल) रेटिंग दी गई थी। बैंक ने बार्कलेज, बोफा सिक्योरिटीज, जे.पी. मॉर्गन, एमयूएफजी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक को ज्वाइंट ग्लोबल कोऑर्डिनेटर्स और ज्वाइंट लीड मैनेजर्स के रूप में नियुक्त किया

# जो रूट ने बताया उस भारतीय खिलाड़ी का नाम

## जिसे टेस्ट सीरीज में खामोश रखना चाहती है इंग्लैंड की टीम

**जो रूट ने उस भारतीय खिलाड़ी का नाम बताया, जिसे इंग्लैंड की टीम टेस्ट सीरीज में खामोश रखना चाहती है। रूट ने कहा है कि अगर हम पूरी सीरीज में रोहित शर्मा को खामोश रखने में सफल हुए तो अच्छा होगा।**

नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने भारत के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर कहा है कि यह अच्छा होगा कि हम पूरी सीरीज में रोहित शर्मा को खामोश रख सकें। हर कोई जानता है कि रोहित शर्मा किस किस्म के खिलाड़ी हैं। उन्होंने कई बार भारत में स्पिन फ्रेंडली विकेट्स पर रन बनाए हैं। ऐसे में जो रूट को डर है कि अगर रोहित शर्मा किसी मैच में चल गए तो फिर उनकी टीम के लिए जीतना कठिन हो जाएगा। जो रूट ने जियोसिनेमा को विशाखापट्टनम टेस्ट मैच से पहले दिए इंटरव्यू में इंग्लैंड की आने वाली पीढ़ी, टीम की बैजबॉल अप्रोच और अपनी टीम की गेंदबाजी पर बात की। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाजों को लेकर जो रूट ने कहा, यह बहुत अच्छा है और यह खेल का अभिन्न अंग है। यदि आप लंबे समय तक टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, तो आप देखेंगे



कि खिलाड़ी टीम छोड़ रहे हैं और युवा लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। जितना अधिक आप खेलेंगे, वास्तव में आनंददायक माहौल बनाने की कोशिश करने की आपकी जिम्मेदारी उतनी ही अधिक होगी।बैजबॉल अप्रोच पर क्या इंग्लैंड की टीम भारत में भरोसा तोड़ देगी? इस पर जो रूट ने कहा, -नहीं, खेल का नतीजा चाहे जो भी हो, हम हमेशा उसी तरह खेलेंगे जैसा हम खेलते आ रहे हैं। इसने हमें लंबे समय तक सफलता दिलाई है। यह वही है जो हममें से सर्वश्रेष्ठ निकलाता है। हम पहले भी ऐसी ही स्थितियों में रहे हैं। पिछली बार जब हमने भारत के साथ इंग्लैंड में खेला था, उस एकमात्र टेस्ट में हम मैच में मीलों पीछे थे और हम उस स्कोर का पीछा करने में सफल रहे थे। ऐसे कई अन्य अवसर आए हैं जहां हमने ऐसे काम किए हैं, जिनके बारे में हमने कभी नहीं सोचा था कि हम पहले ऐसा कर सकते थे। इसलिए, हम विश्वास करना कभी बंद नहीं करेंगे, हमें कभी ऐसा महसूस नहीं होगा कि हम खेल से बाहर हो गए हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर क्या कोई मीटिंग हुई है? इस पर रूट ने कहा, हम वास्तव में अब टीम मीटिंग नहीं करते हैं। यह बहुत अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं और एक-दूसरे के साथ समय बिताने का आनंद और चर्चा कैसे करते हैं। आपने आधुनिक युग के दो महान खिलाड़ियों का उल्लेख किया। निःसंदेह, फोकस रहेगा। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे हैं और वे वर्तमान भारतीय बल्लेबाजी क्रम में बहुत सीनियर भी हैं। ऐसे में स्पष्ट रूप से उन्हें इस टेस्ट टीम में एक बड़ी भूमिका निभानी है। आप यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आप कोशिश करें और जल्दी ही उन पर काबू पा लें। उनमें बड़े स्कोर बनाने की क्षमता है और हम कई बार गलत नतीजे पर पहुंचे हैं, इसलिए पूरी सीरीज में उन्हें यथासंभव शांत रखने का प्रयास करना अच्छा होगा।

## करीबी अंतर से मिली जीत तो कप्तान उदय सहारन बोले- फाइनल से पहले ये अच्छा है

नई दिल्ली.एजेंसी

भारत के कप्तान उदय सहारन ने मंगलवार को कहा कि सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करीबी मुकाबले में दो विकेट की जीत से रविवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के खिताबी मुकाबले में उनकी टीम को काफी हद तक फायदा होगा। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत को अंतिम चार के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराने के लिए अंत तक संघर्ष करना पड़ा। रविवार को फाइनल में उसकी भिड़ंत पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी। सहारन (81) और सचिन धास (96) के बीच पांचवें विकेट के लिए 171 रन की शानदार साझेदारी से भारत 245 रन के लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहा, जबकि वह 32 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में था। सहारन ने मैच के बाद कहा, फाइनल में पहुंचना बहुत अच्छा अहसास है। हमें करीबी मुकाबले का अनुभव मिला और फाइनल में यह अच्छा रहेगा। हम ड्रेसिंग रूम में मनोबल को बिल्कुल भी कम नहीं होने देते। हमारी टीम का माहौल और कोच शानदार हैं। दूसरा सेमीफाइनल मैच गुरुवार को आयोजित होना है। मैन ऑफ द मैच चुने गए दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि वे किसी भी समय दबाव में नहीं थे। उन्होंने कहा, हां, एक समय हम काफी पीछे थे, लेकिन हम कहते रहे कि हमें अंत तक बल्लेबाजी करनी है। यह एक साझेदारी की बात थी। सहारन ने कहा कि भारत की पारी के दौरान पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई। उन्होंने कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने आया तो गेंद थोड़ी-थोड़ी मूव हो रही थी और अच्छा उछाल था, लेकिन बाद में गेंद बल्ले पर बेहतर तरीके से आने लगी।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान युआन जेम्स ने स्वीकार किया कि उन्हें धास और सहारन के बीच साझेदारी को तोड़ने में संघर्ष करना पड़ा। जेम्स ने कहा, जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे, हम चार विकेट चटका चुके थे, तब उदय और सचिन ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। यह (साझेदारी तोड़ना) एक ऐसी चीज है जिस पर हमने पूरे टूर्नामेंट में संघर्ष किया लेकिन कभी हार नहीं मानी।

## जब अनिल कुंबले ने पाकिस्तान को अकेले कर दिया ऑलआउट, बन गए थे एशिया के पहले गेंदबाज

नई दिल्ली.एजेंसी

साल 1999 की शुरुआत में पाकिस्तान की टीम भारत के दौरे पर आई थी। दोनों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई थी। सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान ने 12 रनों से जीता था। ऐसे में भारत को अपनी लाज बचाने और सीरीज में बराबरी करने के लिए दिल्ली में खेले गए मुकाबले को जीतना ही था। 4 फरवरी को मैच शुरू हुआ, जो चौथे दिन खत्म हो गया। भारत को जीत मिली, लेकिन इसी मैच में महान स्पिनर अनिल कुंबले ने ऐसा कुछ कर दिखाया, जिसकी उम्मीद किसी ने नहीं की थी। उन्होंने अकेले ही पाकिस्तान को ऑलआउट कर इतिहास रच दिया।




दरअसल, इस मैच की पहली पारी में भारत ने 252 रन बनाए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 172 रनों पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 339 रन बनाए और पाकिस्तान के सामने 420 रनों का टारगेट रखा। पाकिस्तान की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो 101 रनों की साझेदारी पहले विकेट के लिए हुई। इससे लगा कि पाकिस्तान की टीम मैच के साथ-साथ सीरीज भी जीत सकती है, लेकिन इसके बाद जो हुआ, वो किसी फिल्मी स्टोरी से कम नहीं था। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा महज दूसरी बार होने वाला था।7 फरवरी 1999 यानी आज से ठीक 25 साल पहले अनिल कुंबले ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला विकेट लिया तो किसी ने सोचा नहीं होगा कि अगले 9 विकेट भी अनिल कुंबले को ही मिलेंगे। अनिल कुंबले ने एक के बाद एक पाकिस्तान के 10 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

## भारत और पाकिस्तान के बीच भी हो सकता है 19 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल, दूसरे सेमीफाइनल पर नजरें

नई दिल्ली.एजेंसी




सेमीफाइनल मैच में मंगलवार को मेजबान साउथ अफ्रीका को करीबी मैच में हराने के बाद भारत ने लगातार पांचवीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल में भारत की भिड़ंत पाकिस्तान से भी संभव है, लेकिन इसके लिए पहले पाकिस्तान को दूसरे सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा।भारत ने अपना सेमीफाइनल 2 विकेट के अंतर से 49वें ओवर में जीता। भारत की भिड़ंत मेजबान साउथ अफ्रीका से हुई थी। दोनों टीमों ने एक भी मुकाबला सेमीफाइनल से पहले नहीं गंवाया था। ऐसे में मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद थी और ऐसा ही हुआ। भारत को 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में पसीने छूट गए, क्योंकि एक समय पर लग रहा था कि साउथ अफ्रीका की टीम बाजी मार लेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं, अगर बात पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की करें तो यहां भी दोनों सेमीफाइनलिस्ट अजेय रहे हैं। पाकिस्तान ने अपने पांचों मैच जीते हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था, लेकिन बाकी के सभी मैचों में टीम ने जीत हासिल की।

ऐसे में दूसरा सेमीफाइनल मैच भी पहले सेमीफाइनल की तरह रोमांचक होगा। हालांकि, भारत और पाकिस्तान के फैंस चाहेंगे कि सेमीफाइनल पाकिस्तान जीते।

## क्विंटन डिकॉक ने विकेट के पीछे दिखाई गजब की चालाकी, बल्लेबाज को ऐसे किया रन आउट

नई दिल्ली.एजेंसी

साउथ अफ्रीका में इस समय टी20 लीग एसए20 खेली जा रही है। इसका पहला क्वॉलिफायर मैच सनराइजर्स ईस्टर्न केप और डरबन सुपर जाएंट्स के बीच खेला गया। इसी मैच में डरबन की टीम के विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक ने एक ऐसी चालाकी दिखाई, जिससे उनकी टीम को एक सफलता रन आउट के रूप में मिली। हालांकि, इसका फायदा टीम को नहीं मिला, क्योंकि टीम को इस अहम मैच में हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, क्विंटन डिकॉक तेज गेंदबाज के एक ओवर में स्टंप्स के काफी पीछे खड़े थे। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाज पैट्रिक क्रूगर ने एक शॉट लॉन्ग ऑन की दिशा में खेला, जहां फील्डर ने बाउंड्री के पास गेंद को रोका। इस दौरान गेंद को कलेक्ट करने के लिए डिकॉक स्टंप्स के करीब आ गए। इस



तरह की रिएक्शन उन्होंने बल्लेबाज को देने की कोशिश की कि थ्रो उनके पास नहीं, बल्कि नॉन स्ट्राइक एंड पर आ रहा है।

**सेमीफाइनल पर नजरें**

बल्लेबाज ने भी कोई फुर्ती नहीं दिखाई, क्योंकि डिकॉक गेंद को कलेक्ट करने की पोजिशन में ही नजर नहीं आ रहे थे, लेकिन जैसे ही गेंद उनके करीब आई तो डिकॉक ने स्टंप्स बिखेर दिए। ये देखकर बल्लेबाज हैरान रह गया कि डिकॉक ने तो ऐसी प्रतिक्रिया दी थी कि उनके पास गेंद नहीं आ रही है। ऐसा डिकॉक पहले भी कर चुके हैं। एक बार इंटरनेशनल क्रिकेट में भी उन्होंने ऐसा किया है और टीम को विकेट दिलाया था।

भले ही क्विंटन डिकॉक ने गजब का दिमाग लगाकर चालाकी करते हुए टीम को सफलता दिलाई, लेकिन जीत का स्वाद सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ही चखा। उन्होंने पहले बल्लेबाजी करते हुए डरबन सुपर जाएंट्स के खिलाफ 157 रन बनाए और इसके जवाब में डरबन की टीम 106 रन बनाकर ढेर हो गई। ईस्टर्न केप ने फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि डरबन सुपर जाएंट्स को अब क्वॉलिफायर 2 में एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ना होगा।

## जसप्रीत बुमराह को खेलने में बेन स्टोक्स को क्यों हो रही है दिक्कत? पूर्व कप्तान ने पकड़ी असली नब्ज



नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने बताया है कि उनकी टीम के मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खेलने में क्यों परेशानी हो रही है। आथर्टन का मानना है कि बेन स्टोक्स को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में जसप्रीत बुमराह की गति को समझने में परेशानी हो रही है। स्टोक्स को अब तक दो टेस्ट मैच की चार पारियों में दो बार जसप्रीत बुमराह ने क्लीन बोल्ड किया है। स्काई क्रिकेट ने आथर्टन के हवाले से कहा, उनकी (बुमराह) गेंद की गति को समझना कठिन है और मैंने स्टोक्स के साथ ऐसा देखा है, जबकि स्टोक्स तेज गेंदबाजी का उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। उन्होंने बुमराह को लेकर जल्दबाजी की है। वह गति को समझने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जब उन्होंने (बुमराह) उसे आउट किया तो ऐसा लगता है कि गेंद नीची रही है, लेकिन इसने गति के मामले में भी उसे पछाड़ दिया।पहले दो टेस्ट में 15 विकेट लेने वाले बुमराह ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 45 रन देकर छह विकेट चटकाए और उनकी गेंदबाजी का मुख्य आकर्षण ओली पोप को उनका यॉर्कर था। आथर्टन ने स्वीकार किया कि बल्लेबाज इस पर शायद ही कुछ कर सकता था। उन्होंने माना, यह शानदार (यॉर्कर) था, है ना? मुझे समझ नहीं आता कि पोप इसमें क्या कर सकता था।

भारत ने दूसरा टेस्ट 106 रन से जीतकर श्रृंखला में 1-1 की बराबरी कर ली है। तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड की टीम एक छोटे से ब्रेक पर अबुधाबी चली गई है, जहां खिलाड़ी अपने परिवार के साथ समय बिता सकते हैं और वे गोल्फ खेलते नजर आएंगे।

## भारतीय टेस्ट स्क्वॉड सिलेक्शन के लिए सुनील गावस्कर ने सुझाया नया फॉर्मूला, अगर हुआ ऐसा तो मच सकती है क्राांति

**इंडियन टेस्ट स्क्वॉड सिलेक्शन को लेकर सुनील गावस्कर ने नया फॉर्मूला सुझाया है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड मौजूदा पांच मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों में भारतीय बैटर्स ने थोड़ा निराश किया है।**



नई दिल्ली.एजेंसी

पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। हैदराबाद टेस्ट 28 रनों से हराने के बाद टीम इंडिया ने वापसी करते हुए विशाखापट्नम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 106 रनों से जीत दर्ज की। पहले दो टेस्ट मैचों में भारतीय बैटर्स ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे सुनील गावस्कर कुछ ज्यादा खुश नहीं हैं। विशाखापट्नम की बात करें तो भारत के लिए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने डबल सेंचुरी ठोकी थी, जबकि दूसरी पारी में शुभमन गिल ने शतक लगाया था, लेकिन इन दोनों के अलावा और कोई बैटर कुछ खास नहीं कर पाया था।

भारत की इस दिक्कत को खत्म करने के लिए पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक फॉर्मूला सुझाया है। गावस्कर चाहते हैं कि युवा खिलाड़ी पहले फर्स्ट क्लास क्रिकेट में ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं, वह चाहे रणजी ट्रॉफी में खेलना हो या फिर इंडिया-ए के लिए खेलना हो। गावस्कर ने कहा कि कुछ खिलाड़ी बिना डोमेस्टिक क्रिकेट खेले ही टेस्ट स्क्वॉड में शामिल कर लिए जाते हैं, वह इसमें थोड़ा बदलाव चाहते हैं।

हारकर भी श्रहल ने बनाया यह बड़ा रिकॉर्ड, पहली बार भारत में...गावस्कर ने मिड-डे पर अपने कॉलम में लिखा, जब कोई बैटर बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम होता है, तो यह दर्शाता है कि उस खिलाड़ी को कुछ फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलना चाहिए, जिससे वह सबसे लंबे फॉर्मेट के क्रिकेट के लिए एकदम सही फ्रेम ऑफ माइंड में हो। रणजी ट्रॉफी चल रहा है और इसमें खेलकर टेस्ट सीरीज की अच्छी तैयारी की जा सकती है। रणजी ट्रॉफी के दिग्गज खिलाड़ी जलज सक्सेना, पारस डोगरा को कभी भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में जगह नहीं मिली और शायद आगे मिले भी नहीं।

गावस्कर ने कहा कि कुछ खिलाड़ी ट्रिपल सेंचुरी मारते हैं कुछ शतक पर शतक जड़ते हैं, लेकिन उन्हें टेस्ट स्क्वॉड में जगह नहीं मिल पाती है। जब उनको टीम में जगह नहीं मिल पाती है तो उनके लिए मुझे दुख होता है। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 15 फरवरी से खेला जाना है। आखिरी तीन टेस्ट मैच के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान होना अभी बाकी है।

## 14 फरवरी को बदला जाएगा राजकोट के स्टेडियम का नाम, अब ये होगा नया नाम

**14 फरवरी को भारत बनाम इंग्लैंड तीसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर राजकोट के स्टेडियम का नाम बदला जाएगा। जय शाह इसका अनावरण करेंगे। स्टेडियम का नया नाम निरंजन शाह स्टेडियम होना है।**



नई दिल्ली.एजेंसी

15 फरवरी से शुरू होने वाले तीसरे भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट की पूर्व संध्या पर राजकोट में सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदला जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह इसका अनावरण करेंगे। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और अनुभवी प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर स्टेडियम का नया नाम रखा जाएगा। समारोह की योजना 14 फरवरी की शाम को बनाई गई है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह नए नाम निरंजन शाह स्टेडियम का अनावरण करेंगे।

एससीए सचिव हिमांशु शाह ने न्यूज 18 को बताया, जय भाई शाह नए नाम का अनावरण करेंगे और हमने समारोह के लिए बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों को भी निमंत्रण भेजा है। कुछ दिनों में, हमारे द्वारा आमंत्रित सभी गणमान्य व्यक्तियों और पदाधिकारियों से हमें पुष्टि मिल जाएगी। नियोजित समारोह के दिन भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों के खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र होगा और हिमांशु शाह को उम्मीद है कि वे स्टेडियम के नए नाम के अनावरण के लिए उपस्थित रहेंगे।उन्होंने आगे कहा, अभी इसकी पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन निमंत्रण भेजा जाएगा और हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी भी इसमें शामिल हो सकते हैं।- 79 वर्षीय निरंजन शाह ने 1965/66 और 1975/76 के बीच सौराष्ट्र के लिए 12 प्रथम श्रेणी खेल खेले और करीब 40 वर्षों तक एससीए सचिव रहे। वे एक समय पर बीसीसीआई के सचिव पद पर भी तैनात रहे हैं। वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इस तरह उनको एक कुशल प्रशासक कहा जाता है। स्टेडियम का नाम बदलने का प्रस्ताव पिछले साल अक्टूबर में एससीए की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में रखा गया था और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया था। निरंजन के बेटे जयदेव शाह, एक घरेलू दिग्गज, जो अतीत में कई आईपीएल टीमों का भी हिस्सा रहे हैं, वर्तमान में एससीए के अध्यक्ष हैं। खंडेरी में बने इस स्टेडियम ने पहली बार 2013 में एक अंतरराष्ट्रीय खेल की मेजबानी की थी। उस समय भी भारत और इंग्लैंड का सामना हुआ था। हालांकि, वह वनडे मैच था।

